हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 जुलाई 2024

07 रथ पर सवार हो निकले भगवान जगदीश...



08 शिलान्यास के 24 साल बाद भी नहीं बना 'शॉपिंग...



गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

- मानोरा में 200 वर्षों से निकाली जा रही जगदीश स्वामी की रथ यात्रा।
- केंद्रीय कृषि मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह चौहान भी पहुंचीं।
- मेले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों के मोबाइल चोरी। एक चोर लोगों के हत्थे चढ़ा। एक किमी पीछा करके लोगों ने चोर को पकड़ा, धुनाई लगाई।
- सड़क के दोनों ओर वाहन खड़े करने के कारण आधे घंटे के लिए सड़क पर जाम लग गया था।
- मेले में बच्चों के लिए झूले लगाए गए। श्रद्धालुओं ने भी जमकर खरीदी की।
- सड़क पर बैठी गाय को बचाने के चक्कर में दो गंभीर घायल, अस्पताल में भर्ती
- रविवार सुबह कई श्रद्धालु पिंड़ भरते हुए पहुंचे मानोरा।
- 22 सीसीटीवी कैमरों से रथयात्रा पर रखी गई नजर।
- 300 पुलिस जवानों ने मेले में संभाली सुरक्षा व्यवस्था।
- रथ यात्रा के दौरान बिजली कंपनी के भी रहे पुख्ता इंतजाम।
- घरों की छतों के ऊपर खड़े श्रद्धालु, टकटकी लगाकर किए जगदीश स्वामी के दर्शन।
- दिनभर धूप निकलने के कारण श्रद्धालुओं को तेज गर्मी का सामना करना पड़ा।
- विदिशा नगर में भी नंदवाना और पूरनपुरा से दो अलग अलग रथ यात्राएं निकालीं गईं। जिनमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## भगवान जगन्नाथ की भक्ति में रमा मानोरा



**आस्था:** मानोरा रथ यात्रा के साथ शहर में भी दो स्थानों से निकाली गईं रथ यात्रा

# लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ स्वामी के किए दर्शन

ग्यारसपुर के मानोरा धाम में 200 वर्षों से निकाली जा रही जगदीश स्वामी की रथ यात्रा रविवार को निकाली गई। जिसमें लाखों की संख्या में जिलेभर से आए श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा में पहुंचकर भगवान जगदीश स्वामी, सुभद्रा माई और बलदेव जी के दर्शन किए। सुबह 4 बजे भगवान जगन्नाथ स्वामी मानोरा पहुंचे और मंदिर के पुजारी ने जगन्नाथ स्वामी जी की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। सुबह 7 बजे रथ पर आरूढ़ होकर भगवान भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकले।

**दोपहर बाद मौसम साफ तो होने से तेज धूप के कारण श्रद्धालुओं को कुछ परेशानी का भी सामना करना पड़ा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा/ ग्यारसपुर

मानोरा में 200 वर्षों से चली आ रही जगदीश स्वामी की रथ यात्रा में रविवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल हुए।

भगवान जगदीश स्वामी, सुभद्रा माई और बलदेव महाराज के दर्शन के लिए हर कोई आतुर रहा। सुबह 4 बजे भगवान जगन्नाथ स्वामी मानोरा पहुंचे। मंदिर के पुजारी ने जगन्नाथ स्वामी जी का विधि विधान से पूजन किया। सुबह 7 बजे रथ पर आरूढ़ होकर भगवान भक्तों को दर्शन देने निकले। भगवान जैसे ही नगर भ्रमण पर निकले वैसे ही हजारों की संख्या में परिसर में खड़े श्रद्धालु और घरों की छतों के ऊपर खड़े लोग टकटकी लगाकर भगवान के दर्शन कर जय जगन्नाथ के जयकारे लगाते नजर आए।

रथ यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की धर्मपत्नी साधना सिंह चौहान सहित विधायक मुकेश टंडन ने जगदीश स्वामी के दर्शन किए। साथ में जिला कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने भी जगन्नाथ स्वामी के दर्शन किए। दिनभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। बीच-बीच में दोपहर के समय जाम के हालात भी बने। पुलिस प्रशासन की कड़ी मशक्कत के बाद फिर से यातायात सुचारू रूप से चालू हो सका। सड़क के दोनों ओर दोपहिया वाहन चालकों ने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दीं। जिसके चलते आधे घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। दोपहर के बाद मौसम साफ होने के कारण लोगों को उमस और गर्मी का भी सामना करना पड़ा। लोग पानी के पीने के लिए यहां वहां निजी ट्यूबवेलों पर कतार में नजर आए। वहीं मेला परिसर में भी श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान के दर्शन कर खूब खरीदारी की। बच्चों ने अपने खेल खिलौने और झूले झूले। वहीं महिलाओं ने अपने घर गृहस्थी के साथ ज्वेलरी का सामान खरीदा।

मेले में बच्चों ने फुल्की, चाट, के साथ आइसक्रीम का भी आनंद उठाया। आधे आधे घंटे तक लोगों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। जिसके चलते कुछ छुटपुट मोबाइल चोरी जैसी घटनाएं देखने में आई। बिजली कंपनी द्वारा भी बिजली के उचित प्रबंध किए गए। जिसके चलते मंदिर परिसर और मेला परिसर में 24 घंटे बिजली की उपलब्धता रही। रथयात्रा के दौरान एडिशनल एसपी, सीएसपी, खंड स्तरीय अधिकारी, एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अब्बास जैदी, तहसीलदार सौरभ मालवीय, नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन सरपंच ऊषा बाई, नारायण सहरिया, प्रीतम कुशवाह, शैलेंद्र रघुवंशी सहित जिला स्तरीय प्रशासन और खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### गांव की महिलाओं ने रथ यात्रा से पहले घरों के आगे सफाई कर चौक पूरे



**विदिशा।** रथयात्रा के स्वागत के लिए गांव की महिलाओं ने घरों के आगे चौक पूरकर तैयारी की, रथ की आरती उतारकर सुख समृद्धि की कामना की।

### छतों पर खड़े होकर लोगों ने किए दर्शन



**विदिशा।** गांव के पक्के मकानों की छतों पर चढ़कर देखी रथ यात्रा।

### दर्शनों के लिए आतुर श्रद्धालु



**विदिशा।** भगवान जगदीश स्वामी के दर्शनों के लिए घंटों तक इंतजार करते रहे।

### मोबाइल चोर पकड़ाया



**विदिशा।** मेले के रास्ते में मोबाइल चोर पकड़ा गया, जिसे लोगों ने जमकर पीटा।

## खेतों में बोवनी हुई, किसानों ने लगा लीं बागड़, गांव से शहर की ओर रुख कर रहे मवेशी, सड़कों और हाईवे पर बढ़ी संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खेतों में सोयाबीन और धान की रोपाई होने के साथ ही किसानों ने खेतों में बागड़ लगा लीं हैं जिससे मवेशियों को चरने और बैठने का स्थान नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र सहित नगरीय क्षेत्र में भी सड़कों पर मवेशियों की संख्या बहुत अधिक दिखाई देने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बनी गौशालाओं कुछ तो अच्छे तरीके से संचालित हो रहीं हैं वहीं कुछ की स्थिति बहुत खराब है। जहां पशुओं को रखने की व्यवस्था नहीं है। गौवंश के लिए हर साल बैठकों और कागजों में बनने वाली योजना धरातल पर नहीं आ पाती। प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के चलते गौवंश दर दर भटकने को मजबूर हो रहा है। कोई ठोस योजना नहीं होने से पूरे साल गोवंश भटकता रहता है। बारिश के दिनों में न सिर्फ सड़कों पर मवेशियों के बैठे होने के कारण आए दिन हादसे भी होते हैं।



**विदिशा।** नगर की सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण आए दिन होते हैं हादसे।

### गोशाला पर करोड़ों खर्च, नतीजा कुछ नहीं निकला

गोवंश को आशियाना देने प्रदेशभर में गोशालाओं का निर्माण कराया गया। जिले में जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते कई गोशालाओं का काम अधूरा पड़ा है। ऐसे में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी नतीजा शून्य नजर आ रहा है। हालात यह हैं कि नगर में सैकड़ों गायें भटक रहीं हैं। गाय पर राजनीति करने वाले कांग्रेस बीजेपी के नेता चुनाव के दौरान गाय को माता कहते हैं। लेकिन गायों की दुर्दशा पर कोई बोलने को तैयार नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतों भी ध्यान नहीं दे रही हैं। नगर में स्थित गोशाला में क्षमता से भी कम गोवंश को रखा गया।

### गोपालक भी जिम्मेदार

हर बार हादसों की चपेट में आने वाली गाय की मौत का जिम्मेदार जितना प्रशासनिक तंत्र है उतना ही गोपालक भी है। गोपालकों पर कोई कार्रवाई प्रशासन की ओर से नहीं की जाती। न के बराबर होने वाली कार्रवाई के कारण उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। जब तक गाय दुधारू रहती हैं। उसे वे बांध लेते हैं। इसके बाद उन्हें छोड़ देते हैं।

## मां अपूर्वा की स्मृति में 5 बच्चों को 21 हजार शिक्षा और गणवेश के लिए दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में ओशो लाइफ अकादमी के संस्थापक सदस्या मां अपूर्वा की स्मृति में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने आवश्यकता अनुसार ट्री गार्ड की राशि विधायक निधि से उपलब्ध करने का आश्वासन दिया।

ओशो लाइफ अकादमी के संचालक अखिलेश जैन द्वारा पौधों की देखरेख जवाबदारी ली। वात्सल्य स्कूल की संचालक देवना अरोरा ने कहा कि ओशोलाइफ अकादमी जो पौधे लगाए जाएंगे साप्ताहिक रूप से उसकी देखभाल की जाएगी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटोलिया द्वारा भी निरंतर इस कार्य की समीक्षा एवं अन्य आवश्यक जिम्मेदारी ली गई। इस दौरान संजय भंडारी, पंकज जैन, अजय साहू, चंद्रकांत गुप्ता, स्वदेश जैन, मुकेश जैन, कृति प्रधान, रश्मि भंडारी, नेहा अग्रवाल, नीलम जैन, ममता ताम्रकार, रामस्वरूप स्वामी ने श्रमदान किया। इसी अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर 5 बच्चों के लिए ओशो लाइफ अकादमी द्वारा मां अपूर्वा की स्मृति में 21 हजार शिक्षा एवं गणवेश के लिए दिए। आयोजकों की कदम को देखते हुए विधायक मुकेश टंडन द्वारा प्रत्येक बच्चे को 5 हजार की राशि की घोषणा की गई।



## खबर संक्षेप

### ऑटो से बाइक टकराई



**त्योंदा।** रविवार को लगदा रोड पर ऑटो से बाइक टकराई जिसमें दो व्यक्ति घनश्याम कुशवाहा, दीपक पंथी निवासी ग्यारसुपर घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया।

### अनिल प्रकाश मिश्रा का निधन



**गंजबासौदा।** स्व सुखदेव मिश्रा के बड़े पुत्र एवं संतोष मिश्रा एवं राजीव मिश्रा के बड़े भाई एवं मंथन मिश्रा, हिमांशु मिश्रा के पिताजी एवं अंशु, वरुण के ताऊजी अनिल प्रकाश मिश्रा कोऑपरेटिव बैंक वालों का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा कक्का वाली गली दादजी प्लाजा के पीछे बरेठ रोड से शाम के समय पाराशरी विश्राम घाट को निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### रामस्वरुप श्रीवास्तव का निधन

**गंजबासौदा।** अरविंद श्रीवास्तव ऋग्वेद आयुर्वेदम वालों के पिताजी रामस्वरूप श्रीवास्तव रिटायर्ड प्रधान अध्यापक स्टेशन एरिया वालों का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान बीजासन माता मंदिर वाली गली बरेठ रोड से सुबह के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### रामबाई रघुवंशी का निधन

**गंजबासौदा।** राम सिंह रघुवंशी पबई वालों की पत्नी एवं जगदीश सिंह ,उपेंद्र सिंह,रामबाबू रघुवंशी की माताजी तथा वीर सिंह, रघुनाथ सिंह की चाची रामबाई रघुवंशी का स्वर्गवास हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम पबई में किया गया। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नगर सहित ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल, युवाओं ने अखाड़े में दिखाए करतब

# नगर में श्रद्धाभाव से निकली जगदीश स्वामी की तीन रथयात्राएं, भक्तों ने पाया भात का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

रविवार को भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्राएं नगर में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गईं। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में तीन रथ यात्राएं निकलीं। जिनमें से पहली यात्रा बेतवा तट स्थित नौलखी धाम से, दूसरी यात्रा भावसार समाज मंदिर से और तीसरी रथयात्रा बरेठ रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकाली गई। जिनमें से दो रथयात्राएं तो नगर भ्रमण कर वापिस मंदिर पहुंच गईं। लेकिन नौलखी धाम की रथयात्रा नौलखी मंदिर पहुंचीं। जहां भगवान को विश्राम कराया गया। नगर में निकली रथयात्राओं में नगर के अलावा ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में आए श्रद्धालु भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन पाने के लिए उतावले थे। भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा में शामिल युवाओं ने अखाड़े के दौरान अपनी कला और कौशल का परिचय दिया। वहीं विभिन्न गांवों की भजन मंडलियों ने भी पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों पर भजन एवं कीर्तन की प्रस्तुतियां दीं।

उधर नगर के विभिन्न स्थानों पर कई संगठनों, संस्थाओं और नागरिकों ने श्रद्धालुओं के लिए भात, खिचडी, शरबत, खीर सहित अन्य प्रसादी के भोग का वितरण किया। साथ ही श्रद्धालुओं को जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के शुभ अवसर पर नगर में नौलखी मंदिर बेतवा घाट, वेदनखेड़ी, नौलखी मंदिर वार्ड नंबर 11 एवं समस्त रथ यात्रा मार्ग की नगरपालिका सफाई कर्मियों द्वारा सफाई की गई एवं चूना की लाइन डालकर कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया। नगर में अनेक स्थानों पर भगवान जगदीश स्वामी की रथयात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा फूल, मालाओं, प्रसादी अर्पित कर स्वागत किया गया और भगवान जगदीश स्वामी की पूजन अर्चन की गई। हालांकि मान्यता है कि रथयात्रा के दौरान बारिश अवश्य होती है, लेकिन इस बार जगदीश स्वामी की रथयात्रा के दिन सुबह से ही आसमान पर गहरे बादल तो छाए रहे और दिन भर उमस भी बनी रही, जिससे लोगों को शाम तक बारिश होने की उम्मीद बंधी हुई थी, लेकिन खबर लिखे जाने तक बारिश न होने से श्रद्धालुओं की बारिश होने की मान्यता अधूरी साबित होती नजर आ रही है। अब देखना है कि रात में इलाके में बारिश होती है या नहीं।


















# नरेन्द्र व्यास बने विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रकल्प सहकार भारती की प्रदेश कार्य समिति की बैठक गत दिवस सांची में आयोजित की गई थी। जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर, राष्ट्रीय मंत्री अशोक टेकाम एवं प्रदेश अध्यक्ष शेखर किवे, प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान, राष्ट्रीय संयोजक गजेंद्र गौतम की अनुशंसा पर नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र व्यास को मध्य प्रदेश का विधि प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक बनाया गया है। व्यास को प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर उन्हें शुभचिंतकों, मित्रों द्वारा बधाई दी गई। बधाई देने वालों में भगवान सिंह राजपूत, विजय माथुर, बृजमोहन श्रीवास्तव, संजीव प्रताप सिंह चौहान, सुभाष ताम्रकार, अनिल श्रीवास्तव, सत्यनारायण शर्मा आदि शामिल हैं।

### बाल मित्र ग्राम में हाईस्कूल खोलने की मांग

**गंज बासौदा।** गत दिवस बाल मित्र ग्राम डिडौली में राज्यपाल मंगुभाई पटेल के आयोजित कार्यक्रम के दौरान हजारी लाल पाटस्कर के नेतृत्व में अनेक विद्यार्थियों ने एक ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा। जिसमें कहा गया है की बाल मित्र ग्राम डिडौली में हाईस्कूल खोलने की मान्यता प्रदान की जाए, क्योकि आदिवासी क्षेत्र होने के कारण बच्चे कक्षा 8 पास कर अन्य जगह पढ़ने नहीं जाते है और पढ़ाई छोड कर घर पर बैठ जाते है तथा बाल मजदूरी के कार्य में लिप्त हो जाते है। जबकि बच्चे पढ़ना चाहते है। लेकिन गंज बासोदा एवं बरेठ की दूरी अधिक होने के कारण एवं आवागमन के साधन नहीं होने के कारण हमेशा हमेशा को पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं।

# गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व है : पं. विकास एलिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा



ईदगाह रोड स्थित आशुतोष नगर वार्ड नंबर 21 में हो रहे श्री राम हनुमत महायज्ञ एवं भागवत कथा का पंचम दिवस वाचन करते हुए आचार्य पंडित विकास एलिया ने कहा कि गोवर्धन की पूजा की जाती है, गोवर्धन पूजा का बहुत विशेष महत्व है। इंद्र को जब अभिमान हो गया तब भगवान ने लीला की, इंद्र की जगह गोवर्धन पूजा की गई, तो इंद्र ने मूसलाधार वर्षा की। भगवान गोवर्धन पर्वत को 7 दिन 7 रात्रि तक अपनी छिंगली पर रखे रहे। इंद्र भी घबरा गया कि मैंने इतनी बारिश करवाई परंतु इन ग्वाल वालों का कुछ नहीं हुआ। जरूर कोई ना कोई बात है तब वह गोवर्धन आकर ग्वाल वालों से मिलने आए तो उन्होंने श्री कृष्ण कन्हैया को देखा और समझ गए कि वे साक्षात रूप से नारायण है और यह मेरी ओर से बहुत बड़ा अपराध हो गया, भगवान के श्री चरणों में अपनी क्षमा मांगी। इस कथा का सारांश है कि कभी भी अपनी शक्तियों पर प्रतिष्ठा पर घमंड नहीं करना चाहिए, अभिमान नहीं करना चाहिए, भगवान के हाथ बहुत बड़े हैं। भगवान सब पर दया करते हैं सभी पर कृपा करते हैं। कथा के दौरान छप्पन भोग नाच नृत्य एवं सुंदर-सुंदर बाल लीलाओं के साथ कथा का विश्राम हुआ। कथा के मुख्य यजमान सोनम बलराम सिंह राजपूत, राजन भोला, इंदर सिंह, बृजेश एवं समस्त भक्तगण उपस्थित रहे। कथा समापन पर प्रसादी वितरण हुआ।

### दो अलग-अलग स्थानों पर परिजनों ने किया पौधरोपण

# प्रेमबाई की पुण्य स्मृति में श्रमदान दल ने रोपे पांच पौधे






हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

पौधारोपण अभियान 3.0 के तहत श्रमदान दल द्वारा इन दिनों चलाए जा रहे जन-जन विशेष पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को श्रमदान दल स्वर्गीय प्रेम बाई यादव पत्नी रामबाबू यादव की पुण्य स्मृति में सांई सिटी एवं प्रेम नगर में पांच पौधे रोपित किए गए। 23 जून को प्रेम बाई यादव पत्नी रामबाबू यादव की प्रथम स्मृति थी। प्रथम पुण्य स्मृति पर रामबाबू यादव एवं उनके पुत्र संदीप, शैलेंद्र यादव द्वारा ग्यारह पौधों का संकल्प लिया गया था। माताजी की स्मृति में पौधे लगाने से बढ़िया और बेहतर कार्य शायद ही कोई हो भी नहीं सकता। क्योंकि पेड़ हर मायने में पशु पक्षियों और प्राणियों के लिए लाभप्रद है। पेड़ ऑक्सीजन प्रदान करके, वायु की गुणवत्ता में सुधार करके, जलवायु सुधार करके, जल संरक्षण करके, मिट्टी को संरक्षित करके और वन्य जीवन का समर्थन करके अपने पर्यावरण में योगदान देते हैं।

प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के दौरान, पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं और वह ऑक्सीजन बनाते हैं जिसे हम सांस के रूप में लेते हैं। पेड़ मृत होने पर भी मानव समाज के साथ साथ पारिस्थितिक तंत्र के लिए उपयोगी होते है। यही कारण है कि पेड़ों के बारे में कहा गया है कि एक पेड़ 100 पुत्रों के समान है। आज समाज के हर एक व्यक्ति को यादव परिवार के संकल्प और श्रमदान दल की पहल से सीख लेने की आवश्यकता है। क्योंकि आधुनिकता की होड़ में हम कंक्रीट के पहाड़ बना रहे है, आर्टिफिशियल पेड़ों और गमलों से घरों को सुसज्जित भी कर रहे है लेकिन वास्तविकता में पर्यावरण एवम प्रकृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पेड़ों को हम और हमारा समाज निरंतर काटता जा रहा है। जिसका परिणाम बढ़ते तापमान के रूप में हम देख भी रहे है। बाबजूद फिर भी हम और हमारा समाज पेड़ो को नहीं संरक्षित नहीं करता और पेड़ो को नहीं लगाता तो फिर हमारी आने वाली पीढ़ियों का तो भगवान ही मालिक है। इसलिए आज आवश्यक है कि हर एक परिवार इस बारिश के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का संकल्प ले। आज भारत में 140 करोड़ आबादी है और यदि हर व्यक्ति एक महज एक पौधा लगाने का संकल्प लेकर एक पौधा लगा दे तो हम 140 करोड़ पौधों को लगा सकते हैं। तो लिए संकल्प ले कि इस बारिश एक पौधा जरूर लगाएंगे।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर मंगलवार को

**गंजबासौदा।** मंगलवार को मिल रोड स्थित विजन सेंटर पर सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लटेरी द्वारा विशाल मोतियाबिंद निवारण शिविर का आयोजन स्वर्गीय नारायण



सदा शिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले एवं डॉक्टर राजकारण वर्मा द्वारा देते हुए बताया कि प्रत्येक मंगलवार को ट्रस्ट द्वारा विजन सेंटर पर शिविर का आयोजन किया जाता है एवं मोतियाबिंद से चिन्हित रोगियों को आनंदपुर बस द्वारा भेजा जाता है जहां पर ऑपरेशन सहित सभी व्यवस्थाएं निशुल्क रहती हैं। इस अवसर पर समाजसेवी डॉक्टर एके जैन, गणेश राम रघुवंशी, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, दिलीप देसाई, विजय अरोड़ा, देवेंद्र रघुवंशी देबू ने नेत्र रोगियों से शिविर में आकर अपने नेत्र रोगों से छुटकारा पाए जाने की अपील की है।

# विभिन्न मोहल्लों में चल रहा है धड़ल्ले से जुआ




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

नगर के पचमा बायपास मार्ग पर आंगनवाड़ी केंद्र के सामने खाली प्लाट में लंबे समय से सुबह से लेकर रात तक जुआ चलता रहता है। वार्ड के कुछ लोग ताश के पत्तों पर दाव लगाते हैं जबकि यह नगर का सबसे व्यस्ततम मार्ग है जहां से अधिकारियों का आना जाना होता है। इसके बाबजूद भी जुआरियों पर पुलिस द्वारा लगाम नहीं लगाई जा रही है। उधर बरेठ रोड धर्मकांटा स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर वाले मार्ग एक निजी गार्डन के पीछे जुआ चलता रहता है, इन जुआरियों का कोई टाइम टेबिल नहीं है, जुआ सुबह से शाम तक जारी रहता है। जुआ खेलने वाले लोगों की वजह से काली पठार क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रथ यात्रा श्री राम लला सरकार मंदिर से प्रारंभ हुई, दर्शन करने के लिए दूर से आए श्रद्धालु

# रथ पर सवार हो निकले भगवान जगदीश स्वामी नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर किया उनका स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर में भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। जिसमें भगवान जगदीश स्वामी के साथ सुभद्रा एवं बलदाऊ विराजमान थे। रथयात्रा नगर के विद्यार्थी पथ पर स्थित श्री राम लला सरकार मंदिर से प्रारंभ हुई,जो नगर के मुख्य-मार्गो से निकाली गई।

करीब 15 फिट ऊंचे सुन्दर रथ की पंडितों ने पूजा अर्चना कर भगवान जगदीश स्वामी,बलदाऊ एवं सुभद्रा को रथ में बैठाकर यात्रा सायं 5 बजे मंदिर परिषर से रथ यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें अनेक श्रध्दालुओं ने अपने हाथों से रथ खींचकर रथ यात्रा का संचालन किया। रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग कठाली बाजार, सराफा बाजार, चांदनी चौक, राज बाजार, हाजीपुर से होते पाटीदार धर्मशाला मंदिर में पहुंची। जहां रात्रि विश्राम कर अलगे दिन पुनः वापिस रामलाल सरकार मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। जहां रथ यात्रा का समापन किया जाएगा। साथ ही नगर ब्राह्मण भोज का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब हो कि नगर में प्रतिवर्ष अनुसार सफलता पूर्वक रथयात्रा का संचालन किया जा रहा है, जिसमें शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं।



### चारों ओर गूंज उठे जयकारे

*रथ पर ठाठ से जब भगवान जगदीश की सवारी निकली तो चारों ओर जयकारे गूंज उठे। जगन्नाथ स्वामी नगर भ्रमण पर अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए निकले। बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही दर्शन के लिए इंतजार कर रहे थे उन्होने प्रसाद चढ़ा कर अपनी मनोकामनाएं उनके समक्ष रखीं। वही युवा वाद्ययंत्रों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। तो वही भगवान जगदीश के प्रसाद पाने के लिए लोग रथ के पीछे एक वाहन में वितरण हो रहे जगदीश के भात पाने के लिए सैकड़ों लोग हाथ पसार कर हासिल करने का प्रयास करते हुए दिखे और आस्था के साथ प्रसादी ग्रहण कर रहे थे।*



### दूर-दूर से आए श्रद्धालु

*नगर मे प्रतिवर्ष निकलने वाली भगवान जगदीश स्वामी की रथयात्रा के दर्शन करने के लिए नगर सहित ग्रामीणों क्षेत्रो से दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने के लिए एकत्रित हुए। वही नगर में जगदीश स्वामी की रथ यात्रा का पग-पग पर नगरवासियो ने स्वागत कर आरती उतारी गई साथ ही श्रद्धालु द्वारा रथ यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। नगर के प्रमुख चौक चौराहा कठाली बाजार,सराफा बाजार, चांदनी चौक,राज बाजार सहित अनेक स्थानों पर नगरवासियों ने भगवान की आरती उतारकर पूजा अर्चना की। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रध्दालु मौजूद रहे।*

## कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं पेड़-पौधेः रघुवंशी



*एक पेड़ मां के नाम के तहत हाई सेकंडरी स्कूल दीपनाखेड़ा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया जा रहा अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत हाई सेकंडरी स्कूल दीपनाखेड़ा में एक पेड़ मां के नाम लगाने के अभियान में स्कूल परिसर में 100 से अधिक पौधे लगाए गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दीपनाखेड़ा अजय रघुवंशी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी, जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी नरेश रघुवंशी, संकुल प्राचार्य सीएल पाल, जन शिक्षक मुकेश भावसार, राकेश सोनी, मनोज ओझा सहित पुलिस थाना प्रभारी व स्टाफ मौजूद रहा। इस मौके पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी ने कहा कि वन कई तरह के जीवों के लिए प्राकृतिक आवास प्रदान करते हैं। पेड़ वातावरण में ऑक्सीजन की आपूर्ति में योगदान करते हैं। एक विशिष्ट क्षेत्र में, वे वर्षा की मात्रा को प्रभावित करते हैं। वे हमें लकड़ी, दवाइयां, भोजन, सुगंध, कागज़ और कपड़े जैसी कई अन्य वस्तुएं भी प्रदान करते हैं। पेड़ दुनिया के सबसे बड़े कार्बन सिंक हैं, और उनका कार्बन पृथक्करण वैश्विक तापमान को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर में वृद्धि को व्यापक रूप से ग्लोबल वार्मिंग का प्राथमिक कारण माना जाता है। वनों के कई लाभों के बावजूद, आधुनिक युग में वनों की कटाई तेजी से व्यापक हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदूषण, मिट्टी का कटाव और जलवायु परिवर्तन जैसी कई समस्याएँ हैं। वही जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी नरेश रघुवंशी ने कहा कि पौधों को भोजन और ऊर्जा का उत्पादन करने में सक्षम होने के लिए, प्रकाश संश्लेषण एक आवश्यक प्रक्रिया है। दिन के दौरान, पौधे, झाड़ियाँ और पेड़ वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और वातावरण में ऑक्सीजन छोड़ते हैं। एक अनुमान के अनुसार, एक एकड़ परिपक्व पेड़ 18 लोगों की सांस लेने की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन उत्पन्न कर सकते हैं। वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को निकालकर और पर्यावरण में ऑक्सीजन की संतुलित मात्रा बनाए रखकर, वे विशाल फेफड़ों के रूप में काम करते हैं, जिस हवा में हम हर दिन सांस लेते हैं उसे शुद्ध करते हैं। पेड़ हवा से गंध और हानिकारक प्रदूषकों जैसे अमोनिया और सल्फर डाइऑक्साइड को अवशोषित करने में उत्कृष्ट हैं। ये विषाक्त पदार्थ पौधे की पत्तियों और छाल द्वारा जगह में रखे जाते हैं।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन समस्त तैयारियां एक दिन पूर्व करने के दिए निर्देश



**सागर।** नगर निगम द्वारा बालाजी मंदिर परिसर में 15 जुलाई को आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने समस्त विभागीय प्रमुख और अधिकारियों की बैठक लेकर विवाह सम्मेलन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते सम्मेलन आयोजन तिथि के पूर्व समस्त तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए है। बालाजी मंदिर परिसर मैं 15 जुलाई को आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भव्य और व्यवस्थित तरीके से हो, इसके लिए आयोजन स्थल पर वर-वधु के लिए अच्छी व्यवस्थाएं हो, स्थल पर पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था हो, बारिश को दृष्टिगत रखते हुए वॉटरप्रूफ पंडाल की व्यवस्था की जावे, जयमाला, भोजन व्यवस्था, अनाउंसमेंट, के साथ अलग-अलग काउंटर की व्यवस्था की व्यवस्था जिससे वर वधू और उनके परिजनों को कोई असुविधा ना हो, विवाह संपन्न कराने के लिए पुरोहितों और पूजन सामग्री की व्यवस्था की जाए, स्थल पर चलित शौचालय और डस्टबिनों को भी रखवाया जाए ताकि स्थल पर गंदगी ना रहे, इसके अलावा स्थल पर साफ सफाई हेतु सफाई मित्रों की भी ड्यूटी लगाई जाए तथा फायर गाड़ी भी स्थल पर रखी जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समस्त तैयारियां विवाह कार्यक्रम के एक दिन पूर्व कर ली जाए और कोई कार्य शेष न रहे ।

## हज यात्रा कर लौटे विधायक मसूद को भोपाल पहुंचकर दी बधाई



**सिरोंज।** भोपाल मध्य विधायक आरिफ मसूद अभी हाल ही मे हज के पाक सफर से वापास आए। इस अवसर पर भोपाल स्थित उनके निवास पर बधाइयों का सिलसिला जारी है। साथ ही चारो ओर खुशी का माहौल देखा जा रहा है। क्योंकि आरिफ मसूद एक लम्बें मुकाददस पाक सफर से कई दिनों के बाद वापस आए है।

अल्लाहपाक हज़ को क़ुबूल फरमाए और हर मुसलमान को हज़, उमरे पर जाना आसान फरमाए। वही बधाइयों के सिलसिले मे चार चाँद और लग गए। जब आरिफ मसूद के निवास पर भोपाल उत्तर विधानसभा के पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री जनाब आरिफ अकील और उनके बेटे उत्तर विधानसभा के विधायक आतिफ अकील हज की मुबारकबाद देने के लिए आये तो मुबारकबाद का माहोल और खुशनुमा हो गया। सभी ने मुबारकबाद दी और आरिफ मसूद ने आरिफ अकील का खुद गुलदस्ता देकर स्वागत किया। बधाइयों के सिलसिले में सिरोंज कहा पीछे रहने वाला था विधायक आरिफ मसूद के पुराने साथी जो कई वर्षों से जुड़े हुए है जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने बेटे वहाज के साथ भोपाल पहुंचकर विधायक आरिफ मसूद को मुबारकबाद दी। इस मौके पर विधायक आरिफ मसूद ने हज सफर के बारे में काफी बातचीत की।

### 'टूरिज्म एसेट बैंक' के लिए उपलब्ध कराएं जानकारी

**सागर।** वर्ल्ड हेरीटेज कमिटी की बैठक के संबंध में टूरिज्म एसेट बैंक के लिए जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् के अंतर्गत विभागों एवं संबंधितों से जानकारी मांगी है। उक्त संबंध में अपर कलेक्टर एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल एसडीएम रुपेश उपाध्याय ने संबंधितों को जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। भारत सरकार पर्यटन मंत्रालय द्वारा राज्य की सांस्कृतिक, अमूर्त-मूर्त विरा सत, कला-शिल्प, त्यौहार, प्रमुख पर्यटन, आकर्षणों, पर्यटकों की रूचि बाली सामग्री को विकसित करने जानकारी मांगी है।

## भगवान लक्ष्मीनारायण व शिव दरबार की प्राणप्रतिष्ठा, अनुष्ठान का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पावर हाउस मार्ग पर नवनिर्मित मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण एवं शिव दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम की धूमधाम बनी रही। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व भगवान लक्ष्मी नारायण की नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई रविवार को पांच दिवसीय कार्यक्रम का भंडारे के साथ समापन पर भारी संख्या में धार्मिक श्रद्धालु नर नारियों की उपस्थिति रही। शिव मंदिर से बैंड बाजो धार्मिक श्रद्धालु, धर्म ध्वजा के साथ भगवान लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा के साथ शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। बड़ा बाजार, शक्ति धाम मंदिर, छोटा बाजार, टॉकीज रोड, पावर हाउस रोड होती हुई मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में रथ में सवार भगवान लक्ष्मी नारायण की प्रतिमाओं, विमान में सवार भोले शंकर का स्थान स्थान पर पूजन शोभायात्रा का स्वागत किया जाता रहा। शोभायात्रा में सम्मिलित अधिकांश महिलाएं पुरुष भक्त पीतांबरी वस्त्रों में सम्मलित हुई। शोभा यात्रा में नगर के विभिन्न धार्मिक संगठनों शिव मंदिर समिति के सदस्यों की भारी सक्रियता बनी रही। नगर मैं पहला लक्ष्मीनारायण मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था पूजन का केंद्र बन गया है। रविवार को भंडारे के साथ पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा, अनुष्ठान कार्यक्रम का समापन हुआ।

### स्वास्थ्य जागरूकता का अभियान 30 सितंबर तक

**सागर।** आयुष विभाग के अधीनस्थ संचालित सभी आयुष संस्थाओं में वर्षा ऋतु से संबंधित रोगों के बचाव हेतु आयुष आपके द्वार अभियान अंतर्गत आयुष दवाओं एवं स्वास्थ्य हेतु जागरुक किये जानें का अभियान 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है।

जिला आयुष अधिकारी द्वारा समस्त औषधालय प्रभारियों को अभियान के सफल बनानें हेतु प्रचार प्रसार कर घर-घर जाकर रोगियों का सर्वे एवं औषधि प्रदान करनें के निर्देश प्रदान किये गये है। आयुष आपके द्वार के अंतर्गत आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी औषधियों का वितरण आहार, रोगों से बचाव हेतु सावधानियों के प्रति जागरूक किये जानें हेतु अपने-अपने औषधालय ग्राम एवं समीप स्थ ग्रामों में रैली एवं नुक्कड सभा किये जानें हेतु सुझाव दिये गये है।

## भक्तिभाव से निकाली जगन्नाथ रथयात्रा जय जगदीश के नारों से गूंज उठा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहली



आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की द्वितीय को प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा इस वर्ष भी पूरे भक्ति भाव के साथ निकली गई। प्रातःकालीन बेला में भगवान जगन्नाथ स्वामी का पवित्र नदियों के जल एवं दुग्ध से अभिषेक किया गया तत्तपश्चात पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई एवं मालपुओं का भोग अर्पित किया गया। दोपहर वाद देवलिया मंदिर से भगवान जगन्नाथ स्वामी,बहिन सुभद्रा एवं भाई बलदाऊ को रथ पर विराजमान कर गाजे बाजे के साथ रथयात्रा प्रारम्भ हुई जो बजरिया,बस स्टैंड चांदपुर तिराहा होते हुए राव मार्केट स्थित देव सत्यनारायण मंदिर पहुँची जहां भक्तगणों के द्वारा रथयात्रा की जोरदार आगवानी कर स्वागत किया गया। बस स्टैंड पर विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकताओ के द्वारा पुष्पवर्षा के पूजा अर्चना की गई। रथयात्रा में देव सीताराम न्यास के अध्यक्ष सुशील हजारी, कोषाध्यक्ष प्रमोद सराफ, लक्ष्मी प्रसाद उपाध्याय, राजू अवस्थी, अनूप ददरिया, विजय तिवारी, शेलेन्द्र दुबे,गुड्डू श्रीवास्तव, मूलचंद गोस्वामी, देवेंद्र पाण्डेय, चंद्रभान पांडे, नंदकिशोर मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल रहे।

दूसरी रथयात्रा अतिप्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण जगदीश स्वामी मन्दिर से निकली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पटैरिया मंदिर पहुँची जहां पर भक्तों के द्वारा भगवान की आरती उतार कर आगवानी की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया।

### मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

**सागर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची एक जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 19 जुलाई को होगा। अंतिम रूप से तैयार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण का कार्य हो गया है। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे।

### वन परिक्षेत्र केसली में किया गया पौधरोपण

**केसली।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत, वन परिक्षेत्र केसली अंतर्गत ग्राम नयागाँव के समीप एक साथ 1000 पौधों का रोपण किया गया, जिसमे सत्र न्यायधीश केसली सत्यम देवलिया, रेंजर केसली सर्वेश सोनी सहित लगभग 50 ग्रामीणजनों ने पौधे रोप कर उनको सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। ग्राम नयागांव तहसील केसली मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे ग्रामीणजनों को मुफ्त विधिक सहायता के बारे में बताया।

## मुक्तिधाम में एमआईसी सदस्य और पार्षदों ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

महापौर संगीता सुशील तिवारी के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर किये जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम के तहत रविवार को नगर निगम के एम आई सी सदस्य विनोद तिवारी,राजकुमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव, पार्षद सूरज घोषी, मनोज चौरसिया, प्रहलाद पटेल एवं समाजसेवी रिशांक तिवारी ने नरयावली नाका मुक्तिधाम वार्ड में नागरिकों के साथ नीम,पीपल,शीशम, कदम एवं अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर समाजसेवी रिशांक तिवारी ने कहा कि महापौर के निर्देश पर किए जा रहे पौधरोपण कार्यक्रम के तहत सभी वार्डों में रिक्त पड़ी शासकीय भूमि पर तथा भूमि स्वामी की सहमति से निजी भूमि पर वार्ड पार्षद एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से पौधरोपण किया जा रहा है। जिन-जिन स्थानों पर पौधरोपण किया जा रहा है वहां पर पौधों को बड़े होने तक उनकी देखभाल और सुरक्षा के लिए वहां के नागरिकगण अपने पूर्वजों की स्मृति में उन्हें गोद ले सकते हैं । उन्होंने कहा कि शहर को हरा-भरा बनाने तथा प्रदूषण मुक्त सिटी बनाने के लिए वृहद स्तर पर पौधरोपण करना आवश्यक है नागरिकगण अपने-अपने वार्ड में पौधरोपण करें।

## तीन दिनों से नहीं हुई बारिश, रुकी धान रोपाई

### धान की रोपाई के लिए बारिश को तरस रहे किसान, गर्मी और उमस से परेशानी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



धान के कटोरा के रूप में ख्याति प्राप्त क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से बारिश न होने के असर से गर्मी उमस और बीमार होने की परेशानियां भरी स्थिति बन रही है। जून अंत में बारिश हुई तो किसानों ने धान की खेती के लिए कायज़ शुरू किया। तीन दिनों से बारिश न होने से धान के खेतों की मचाई और रोपाई का कार्य धीमा हो गया है। किसानों द्वारा ट्यूबवेलों से धान की क्यारी में पानी भरकर मचाई की जा रही हैं। परंतु गर्मी उमस के कारण धान की क्यारी में भर पानी तेजी से सूखने के कारण धान की रोपाई ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है।

आषाढ़ का महीना भरपूर जोरदार बारिश के लिए जाना जाता है। जून माह में अल्प बारिश की स्थिति रही। जून जुलाई में दो-तीन बार बारिश से कुछ स्थिति ठीक हुई। उसके बाद तीन दिनों से बारिश तो क्या बूंदाबांदी भी न होने के साथ गर्मी उमस के कारण धान की खेती रोपाई का काय। निरंतर पिछड़ता जा रहा है। किसानों के पास धान रोपा की उम्र निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन आसमान में काले घने बादल छा रहे हैं। बादल तो जा रहे हैं परंतु बादल ना बरसने की बनी स्थिति से धान की खेती करने वाले किसानों में भारी चिंता घबराहट की स्थिति बन रही है। धान की रोपाई में पूर्व से ही 15- 20 दोनों का विलम्ब हो चुका है। यदि और अधिक विलंब होता है तो धान के उत्पादन में गिरावट आर्थिक नुकसान की स्थिति बन सकती है। धान में विलंब के कारण गेहूं की बोवनी कटाई में भी विलंब होगा। बारिश के विलंब से धान और गेहूं का उत्पादन प्रभावित होगा।

### जुड़वा बेटियों के जन्म पर बांटी मिठाइयां



**बरेली।** नगर के अधिकता नोटरी नर्मदा प्रसाद वर्मा के पुत्र मयंक वर्मा के यहां भोपाल में डिलीवरी के दौरान जुड़वा बेटियों का जन्म हुआ। जुड़वा बेटियों के साथ मां पिता के बरेली निवास आगमन पर वर्मा परिवार द्वारा बेटियों के जन्म पर जमकर आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गईं । पुष्प बरसा और नाच गाने के साथ बेटियों का गृह प्रवेश कराया गया। जुड़वा बेटियों की दादी ने कहा कि बेटे भाग्य से जन्म लेते हैं परंतु बेटियां तो सौभाग्य से जन्म लेती है। कहा कि हमारे परिवार में 50 वर्षो बाद रिद्धि सिद्धि के रूप में बेटियों का जन्म और किलकारियां गुंजने से पूरे परिवार में भारी हर्ष उत्साह और खुशी का माहौल बना हुआ है। बेटियों के दादा नर्मदा वर्मा एडवोकेट भी जुड़वा बेटियों के जन्म से भारी प्रसन्न और उत्साहित बने हुए हैं। कहां की बेटियां दो परिवारों के बीच रिश्ता और संतुलन बनाने का महत्वपूर्ण कार्य करती है।

### तत्कालीन सांसद सरताज सिंह ने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने किया था भूमिपूजन

# शिलान्यास के 24 साल बाद भी नहीं बना 'शॉपिंग कॉम्प्लेक्स'

### करोड़ों रुपए की बेश कीमती स्कूली भूमि पर अतिक्रमणकारियों ने जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, दानवीर सेठ अमरचंद्र समैया के द्वारा नगर में सरकारी स्कूल भवन के निर्माण के लिए करीब 50 साल पूर्व लगभग 14 एकड़ भूमि दान दी थी। दान दी गई यह भूमि स्टेट हाईवे 15 व 44 से लगी हुई है। स्टेट हाईवे से लगी भूमि पर कतिपय लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। मुख्य मार्ग से लगी भूमि पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किए जाने के लिए करीब 20 साल पूर्व तत्कालीन सांसद सरताज सिंह के द्वारा शिलान्यास किया था तथा शिलालेख भी लगाया गया था। लेकिन शिलान्यास के बाद से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण प्रारंभ नही हो सका। शिलान्यास से अभी तक करीब 20 साल होने के बाद भी शासन प्रशासन के द्वारा निर्माण कराने को लेकर कोई पहल नही की गई। फल स्वरुप शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की उम्मीदे दम तोड़ चुकी है।

स्टेट हाईवे से लगी करोडो रुपए की इस बेष कीमती भूमि पर लोगों के द्वारा कब्जा कर छोटी छोटी दुकाने बना कर रोजगार किया जा रहा है कब्जा कर किराए पर देने में आर्थिक रुप से संप्नन व्यक्ति भी पीछे नहीं है। उनके द्वारा कब्जे की दुकानो को हजारो रुपए मासिक किराए पर चलाया जा रहा है। यह अतिक्रमण कई बार हादसे का कारण भी बन चुका है लेकिन प्रशासन किसी भी तरह की कार्रवाही करने में अक्षम सावित हो रहा है। हालांकि दान से प्राप्त भूमि पर स्कूल भवनो सहित अन्य शासकीय भवनों का निर्माण कराया जा चुका है। लेकिन मुख्यमार्ग से लगी भूमि को खाली ही छोड़ दिया था जिस पर की दबंगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। खाली पड़ी करोड़ों रुपए की वेशकीमती जमीन पर धन बल बाहुबल के लोगों ने अतिक्रमण कर भूमि को अपने कब्जे में कर कच्ची पक्की दुकानों को निर्माण कर लिया। कब्जे की सरकारी भूमि पर निर्मित की गई दुकानो पर लोगों के द्वारा व्यवसाय किया जा रहा है। इसके साथ ही कुछ दबंगो लोगों के द्वारा दुकानों को हजारों रुपए मासिक किराए पर चलाया जा रहा है।



**2 सौ से अधिक दुकानों का हो सकता है निर्माण**

*नगर के पुराने बस स्टैंड से बरेली रोड तक दो सौ से अधिक दुकानों का निर्माण कब्जा कर किया गया है। हालांकि सालो पूर्व एक दफा अतिक्रमण विरोधी मुहिम के तहत उक्त अतिक्रमण को प्रशासन के द्वारा हटाया गया था। लेकिन अतिक्रमण से मुक्त करने के बाद प्रशासन के द्वाराभूमि सुरक्षित करने की पहल नही की गई। फल स्वरुप लोगों ने पुनः अपना कब्जा कर लिया। प्रषासन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराए तो 2 सौ से अधिक छोटी बड़ी पक्की दुकानों का निर्माण हो सकता है।*

#### शिलान्यास के बाद नहीं ली सुध

20 साल पूर्व तत्कालीन सांसद सरताज सिंह ( जो कि वर्तमान में स्वर्गवासी) के द्वारा उक्त भूमि पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास किया था। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के द्वारा निर्माण कार्य में रुचि न दिखाए जाने के फल स्वरुप नगर की नगर का महत्वाकांक्षी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का कार्य प्रारंभ ही नही हो सका। जिसके कारण लोगों में प्रशासन के प्रति असंतोष देखा जा रहा है। हालांकि इन 20 सालों में जन प्रतिनिधियों ने भी शॉपिंग निर्माण की पहल नहीं की।

#### भूमि को कब्जा मुक्त कर निर्माण करें

*करोड़ों रुपए की उक्त भूमि को कब्जे धारियों से मुक्त करा कर मल्टी स्टोरी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा सकता है। निर्माण कार्य हो जाने से बेरोगजारो को रोजगार का स्थाई ठिकाना मिल जाएगा। बल्कि शासन को भी प्रति माह लाखो रुपए के राजस्व की प्राप्ति होगी। मल्टी स्टोरी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के भूतल पर व्यवसायिक दुकाने तथा प्रथम तल पर सर्व सुविधा युक्त कमरों आदिका निर्माण कराया जा सकता है। निर्माण के पश्चात दुकान आवंटन को लेकर पारदर्शीनीति बनाई जा सकती है जिसके तहत वर्तमान में भूमि पर छाटी-छोटी दुकाने बना कर रोजगार कर रहे व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर दुकानो का आवंटन किया जा सकता है। शेष दुकानों की नीलामी प्रक्रिया अपनाई जा सकता हैं। नगर के विनय जैन, प्रदीप रघुवंशी, अमित सेन आदि ने शापिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराने की मांग की है।*

## मुश्काबाद रेलवे गेट के पास ट्रेन से गिरा अज्ञात व्यक्ति

### 108 एंबुलेंस से पहुंचाया जिला अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

रविवार शाम के वक्त दीवानगंज पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुश्काबाद रेलवे गेट के पास एक अज्ञात व्यक्ति चलती ट्रेन से गिर गया जो गंभीर रूप से घायल हो गया लोगों ने इसकी सूचना दीवानगंज पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दीवानगंज चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह दांगी, हेड कांस्टेबल दिलीप यादव, हेड कांस्टेबल सुनील लोधी, आरक्षक सूरज वर्मा मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल व्यक्ति को



रायसेन जिला अस्पताल पहुंचाया। चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह दांगी ने बताया कि एक व्यक्ति ट्रेन से गिरकर घायल हो गया है, जिसकी पहचान नहीं हुई है। घायल व्यक्ति के जेब में एक ट्रेन का टिकट मिला है जो इटारसी से जालंधर तक का है। घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया है।

#### अग्निवीर के लिए आवेदन आज से होंगे प्रारंभ

**रायसेन।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) के लिए आवेदन के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें ऑनलाइन आवेदन 8 से 28 जुलाई 2024 तक किए जा सकते हैं। इच्छुक युवा आवेदन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है। जिनका जन्म 03 जुलाई 2004 और 03 जनवरी 2008 के मध्य हुआ है वह युवा आवेदन करने के लिये पात्र है। शैक्षणिक योग्यता संबंधी जानकारी विज्ञापन या भारतीय वायु सेना भर्ती की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। एमपी रोजगार पोर्टल पर भी संबंधित लिंक उपलब्ध है।

**खबर संक्षेप**

#### सूने मकान में चोरों का धावा, ले उड़े जेवरात

**रायसेन।** भोपाल रोड स्थित सदालतपुर में एक सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोना चांदी की जेवरात सहित नगदी चुरा ले गए। जिस समय चोरों ने घटना को अंजाम दिया, घर के लोग बाहर गए थे। घर पर ताला लगा था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार सदालतपुर निवासी प्रेमचंद सराठे के सूने घर में चोरों ने दिन में ही धावा बोलकर 3 लाख नगद सहित सोना चांदी के जेवरात चुरा ले गए। प्रेमचंद सराठे ने बताया कि वे शनिवार सुबह 11 बजे उनके नाती को लेकर जिला अस्पताल आ गए थे। उनके साथ उनकी बहू और बेटी भी थी। पत्नी खेत पर गई थी जबकि दो लड़के भोपाल में सैलून की दुकान पर थे। छोटा बेटा भी पढ़ाई के लिए भोपाल में ही था। इसी दौरान दोपहर 12 से 4 के बीच चोर बाउंड्री से कूदकर पीछे वाले रास्ते से घर में प्रवेश कर गए और बेटी की शादी के लिए रखे 3 लाख नगद सहित सोना चांदी की जेवरात चुरा ले गए। सैंडोरा चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर अज्ञात चोरों के खिलाफ FIR दर्ज की है। सैंडोरा चौकी पुलिस द्वारा चोरों की तलाश की जा रही है, वहीं मौके पर डॉग स्क्वाड को ले जाकर भी जांच की गई थी। हालांकि अब तक चोरों का कोई पता नहीं चल पाया है।

#### बारिश के मौसम में रखें इन बातों का विशेष ध्यान

**रायसेन।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बारिश के दौरान कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखा जाए तो कई तरह के व्यवधानों से बचा जा सकता है। घर में एमसीबी (मिनियेचर सर्किट ब्रेकर) स्वीच जरूरी लगाना चाहिए, इससे घर की बिजली प्रवाह में कोई गड़बड़ी होने पर बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो जाती है। इससे जानमाल की हानि को टाला जा सकता है। हर घर में अर्थिंग होना चाहिए, जिसकी समय-समय पर जांच करना चाहिए। जहां पर बिजली उपकरण रखे हैं वहां पर सीलन नहीं होनी चाहिए। उनकी वायरिंग गीली जगह पर नहीं होना चाहिए। इसे सुरक्षित होना चाहिए। पशुपालक किसान बारिश के मौसम में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अपने पशुओं को बिजली के खम्बों से नहीं बांधे। आंधी तूफान के कारण कई जगह बिजली के तार टूटकर रास्ते पर आ जाते हैं, ऐसे में टूटे हुए बिजली के तारों को हाथ न लगाएं तत्काल बिजली कंपनी को सूचित करें। भैंसों के तबेलों के आसपास बिजली आपूर्ति के लिए खुली वायरिंग न हों, इसका भी ध्यान रखें।

## गंदा पानी पीने को मजबूर बेरखेड़ी चौराहे के लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

विकासखंड सांची के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेरखेड़ी चौराहे पर एक हैंडपंप लगा हुआ है, जिससे कई घरों के लोग पानी पीते हैं। मगर उस हैंडपंप चारों तरफ़ गंदगी और किचड़ का अंबार भरा हुआ है।

हैंडपंप का फाउंडेशन जमीन से मिला हुआ है इस कारण उसमें जितना भी गंदा पानी इधर-उधर से बहकर आता है और हैंडपंप में समा जाता है और उसी पानी को पीने के लिए सब लोग उपयोग करते हैं। हैंड पंप के चारों तरफ होटलें लगी हैं उनका गंदा पानी और कचरा भी इस नल के आसपास फेंका जाता है ।

**इनका कहना है**

मैंने अभी देखा नहीं है कौन सा हैंडपंप है। देख कर कुछ करता हूं।

**- राजाराम जाटव,**
पंचायत सचिव बेरखेड़ी चौराहा

## बौद्ध यूनिवर्सिटी के सामने अज्ञात कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल

### हाइवे 18 सड़क पर टोल लेने के बावजूद भी नहीं हो रहा है पेंचवर्क, नतीजा सड़क पर हो गए 8-8 इंच गहरे गड्ढे

◆ आए दिन हो रहे हादसों को रोकने लोगों की हाइवे को 4 लेन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 सलामतपुर के बौद्ध यूनिवर्सिटी के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक राजकुमार पिता राम सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी सेमरी जागीर जो अपनी बाइक से घर जा रहा था। जैसे ही सलामतपुर बौद्ध यूनिवर्सिटी के सामने पहुंचा तो एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। य

वक को गंभीर हालत में इलाज के लिए बेरँखेड़ी स्थित गुरुकृपा हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां घायल राजकुमार का उपचार चल रहा है। वहीं इलाज करने वाले डॉक्टर करतार सिंह ने बताया कि घायल युवक को जब अस्पताल में लाया गया था तो उसकी हालत काफी नाजुक बनी हुई थी अब उपचार के बाद खतरे से बाहर है।





#### आए दिन हो रहे हादसों

भोपाल विदिशा नेशनल हाइवे 146 और स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं। इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, सांची, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस भी इस हाइवे 18 सड़क को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

गौरतलब है कि एनएच 146 और स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें 25 से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर, सांची व सूखी सेवनिया पुलिस इन दुर्घटनाओं की वजह से परेशान है। क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है। जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से स्टेट हाइवे 18 को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।

#### बड़ी हुई दरों के साथ टोल टैक्स के बाद भी नहीं हो रहा पेंचवर्क

*भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर आरएमएन टोल टैक्स प्रायवेट लिमिटेड द्वारा टोल टैक्स की दरों में बढ़ोत्तरी कर दी गई है। जिसमें हल्के कमर्शियल वाहन से 65 रुपये, खाली या भरे हुए ट्रक से 165 रुपए तो वहीं मल्टी एक्सल वाहन से 325 रुपए वसूल रहे हैं। बावजूद इसके हाइवे रोड पर मरम्मत नही कराई जा रही है। जबकि स्टेट हाइवे 18 रोड पर भोपाल के भानपुर से लेकर सूखीसेवनिया, बालमपुर, भदभदा, देहरी, दीवानगंज, कुल्हाड़िया, बेरखेड़ी चौराहे और सलामतपुर त्रिमूर्ति चौराहे तक गहरे गहरे गड्ढों की वजह से आए दिन दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। लेकिन एमपीआरडीसी का गैर जिम्मेदाराना रवैया लोगों की मुसीबत बना हुआ है।*

## प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम किया पौध रोपण, संरक्षण का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 111 वें एपिसोड में अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक देशवासी से अपनी मां के प्रति सम्मान स्वरूप कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की मार्मिक अपील की थी। प्रधानमंत्री की अपील पर देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों के बीच अपनी मां के प्रति अपने सम्मान की अभिव्यक्ति के रूप में पौधे रोपित करने की होड़ लग गई। इसी क तहत गीदगढ़ पंचायत ने कुछ दिन पहले



शमशान की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया था। मुक्त कराई गई शमशान की भूमि महुआखेड़ा में सरपंच लीलाकिशन अहिरवार, सचिव हेमेंद्र तिवारी, सहायक सचिव ब्रजेश मालवीय,पटवारी सौरभ चौहान, चिरौजी लाल, मोहन लाल, ज्ञानसिंह, रमेश चौकीदार, रामकृष्ण, भूरा, गब्बर सिंह अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस सिलेंडर का रेस्टोरेंटों में जमकर हो रहा उपयोग, धड़ल्ले से हो रहा व्यवसाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। लगातार उपयोग होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाही कर पा रहे हैं। फलस्वरुप खाध्य विभाग की कार्य प्रणाली संदिग्ध देखी जा रही है। शहर के अनेक इलाकों की होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इन दिनों धड़ल्ले से घरेलू गैस का उपयोग देखने को मिल रहा है। हैरानी वाली बात ये है कि इसको लेकर खाद्य विभाग कोई कार्रवाई करने तैयार नहीं। दरअसल जो घरेलू गैस होटलों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में दी जा रही हैए वह कहां से आ रही है। कहा जा रहा है कि उपभोक्ताओं की निर्धारित संख्या के आधार पर इन संचालकों को गैस टंकियां सप्लाई की जाती है। शहर के अनेक होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इन दिनों घरेलू गैस का उपयोग देखने को मिल रहा है।

दरअसल इन व्यापारिक प्रतिष्ठान के संचालकों को ये गैस सस्ती पड़ती है इसी वजह से इनका उपयोग करते है, जबकि व्यावसायिक उपयोग में आने वाली टंकी महंगी होने के साथ ही अधिक वजन की होती है।

#### उपभोक्ताओं के हितों पर पहुंचा रहे हैं चोट

*खाद्य विभाग की अनदेखी इसमें सामने आ रही है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में बड़ा रैकेट चल रहा है जो घरेलू गैस होटलों में सप्लाई कर रहा है। इसमे शामिल लोग न केवल आर्थिक लाभ ले रहे है बल्कि उन उपभोक्ताओं के हितों पर भी सीधी चोट पहुंचा रहे है नियमों के अनुसार घरेलू सिलेंडर कार्ड के आधार पर बांटे जाते है और इनका व्यावसायिक उपयोग नहीं किया जा सकता। ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान है, इसके बावजूद होटलों में ये सिलेंडर दिखाई दे रहे है। बताया ये भी जा रहा है कि होटल संचालक इस सिलेंडर की सप्लाई के एवज में अतिरिक्त राशि भी सप्लायरों को देते हैं।*

### पौधरोपण किया जाना व संरक्षण किया जाना महती आवश्यकता है

## मां शारदा स्कूल में किया पौधरोपण, संरक्षण का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के मां शारदा विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र, छात्राओं, शिक्षकों के द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधो का रोपण किया गया। प्रशासन के द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान को लेकर नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओ आदि के द्वारा उत्साहित होकर पौधरोपण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में मां शारदा विद्यालय परिसर में संचालक मदन सिंह रघुवंशी की विशेष उपस्थिति में छात्र, छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों के द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। यहां पर संचालक रघुवंशी ने सभी को लगाए गए पौधो का संरक्षण किए जाने का संकल्प दिलाया गया। संचालक रघुवंशी ने बताया कि पौधरोपण



किया जाना व रोपे गए पौधो का पांच साल तक संरक्षण किया जाना वर्तमान समय की महती आवश्यकता है।

प्रतिदिन दूषित हो रहे पर्यावरण को बचाने के लिए आवश्यक है कि अधिक संख्या में पौधो का रोपण किया जाए, मात्र पौधा रोप का अपने कर्तव्य की इतिश्री ना की जावे बल्कि पेड़ बनने तक उसकी लगातार देखभाल की जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

#### सांची थाना प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम

**सांची।** रविवार को थाना सांची के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान में सांची थाना प्रभारी मानसिंह चौधरी और उनके स्टाफ के सदस्यों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाया गया और इस पेड़ के साथ कुछ और पेड़ भी पीपल आम जामुन लगाए गए। मानसिंह चौधरी द्वारा पौधारोपण करते समय संकल्प दिलाया गया कि पौधा लगाने के लिए सभी लगा देते हैं, लेकिन उसकी सुरक्षा करना मुश्किल होता है आज हम सब लोग यह संकल्प लेते हैं कि पौधारोपण करने के पश्चात इसकी सुरक्षा की पूरी जवाबदारी लेंगे जब तक यह एक भव्य वृक्ष का आकार ना ले ले हम इसकी सुरक्षा करते रहेंगे।

## मवेशियों से दुर्घटना हुई तो मालिकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सड़कों पर घूमते आवारा पशु दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। बारिश में यह परेशानी और ज्यादा बढ़ जाती है। इसे लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायतों में डोंडी पिटवाकर लोगों को सूचित करें कि गौ माता की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। इसलिए उन्हें खुला ना छोड़ें, अगर फिर भी किसी ने खुला छोड़ा और पशुओं के कारण सड़क पर दुर्घटनाएं होती हैं तो पशुपालकों पर कार्रवाई होगी।

जिला पंचायत ने भी आदेश जारी कर गौपालकों को अपने पालतू पशु सड़क पर नहीं छोड़ने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देश पर बाड़ी और उदयपुरा जनपद सीइओ ने अपने क्षेत्रों में पशु पालकों को निर्देश जारी किए है।

जिला पशु चिकित्सा अधिकारी आरके शुक्ला ने बताया जिले में सड़कों पर बैठने वाले पशुओं से सुरक्षा को लेकर 4 सेक्टर बनाए गए हैं। इसमें बिलखिरिया से टोल नाका सेहतगंज तक, दूसरा औबेदुल्लागंज-मंडीदीप से टोल नाका विशन खेड़ा तक, तीसरा सुल्तानपुर जोड़ से खरगोन टोल नाका हरसिली तक, तथा चौथा खरगोन से देवरी यहां टोल नाका तक सेक्टर बनाया गया है। इन सेक्टर में पेट्रोलिंग गाड़ियां रहेंगी, जिनमें गौशाला के लोग रहेंगे।